>

Title: Regarding dilapidated condition of National Highways in Madhya Pradesh.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के सिवनी जिले से एन.एच.-7 राष्ट्रीय राजमार्ग नगपुर तक गुजरता है। सिवनी मोहगांव से खवासा मार्ग विगत तीन वर्षों से बाइक एवं वाहन चलाने लायक नहीं रह गया है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। विगत तीन वर्षों में कम से कम 5 से 10 लोगों की जाने चली गई हैं। कई वाहन पलटकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। प्रायः प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सिवनी से नागपुर जाना-आना दूभर हो गया है। इस मार्ग के अलावा नागपुर जाने के लिए कोई सड़क मार्ग नहीं है। एन.एच.-7 अथारिटी बार-बार इस मार्ग को बनाने की बात करती है। कभी ग़ड्ढे भरने की बात करती है। लगातार आंदोलन पर आंदोलन हो चुके हैं तथा वर्तमान में शहर के बुद्धिजीवियों, ग्रामीणों, कारोबारियों, छात्र, छात्राओं और जनता द्वारा गठित जनंमंच द्वारा विगत दिनों से अनशन प्रारम्भ है। जो मांग पूरी नहीं होने पर उग्र रूप धारण कर सकता है। कल दिनांक से विधायक कमल मर्सकोले, विधायक नीता पटेरिया, महाकौशल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेश दिवाकर हजारों साथियों के साथ भूख हडताल पर बैठ चुके हैं। इस मार्ग के बनने नहीं बनने के लिए कोई जवाब जनता को नहीं दे रहा है। सिवनी से खवासा मार्ग इस वर्ष पूर्णतः आवागमन हेतु बंद हो जायेगा। आम जनता जनप्रतिनिधियों पर ताने कसने से नहीं चूक रही है। बार-बार शून्यकाल तथा 377 के द्वारा उठाये गये मामलों का जवाब तक केन्द्रीय सड़क परिवहन राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय नहीं देता है। यही हाल सम्पूर्ण मध्यप्रदेश की एन.एच.-7 सड़कों का है। इन मार्गों को भारत सरकार या तो राज्य सरकारों को रख-रखाव के लिए दे दे या एन.एच.-7 मार्ग को तत्काल प्रभाव से बनाने का कार्य करे। अन्यथा कानून एवं व्यवस्था बिगड़ने के पूरे चांस है। अतः आपसे आग्रह है कि जनहित में एक सप्ताह के भीतर सिवनी-खवासा मार्ग बनाने पर कोई ठोस कार्रवाई की जाए।

MR. CHAIRMAN: Please take your seat. Your name was not in the list. Your name is included as a special case.

...(*Interruptions*)

श्री के.डी. देशमुख : यह जनता का मामला है, मुझे एक मिनट का समय और दिया जाए। महोदय, आप तो उदार दिल वाले हैं। मैं कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जानकारी प्राप्त हो रही है कि एन.एच.-7 सिवनी-खवासा मार्ग निर्माण हेतु 16 करोड़ रुपये के टेंडर लग चुके हैं। यदि यह सच है तो तत्काल प्रभाव से सड़क कार्य प्रारम्भ करवाया जाएअ। ताकि वर्षाकाल के पूर्व यातायात प्रारम्भ हो सके।